हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, गुरुवार, 9 मई 2024



12 जीरो टॉलरेंस नीति से संपन्न होंगे लोकसभा चुनाव





12 रक्तदान भाईचारे को देता है बढ़ावा : राहुल मोदी




## खबर संक्षेप

### दुकान के गल्ले से हजारों की नकदी चोरी कर भागा युवक

**फतेहाबाद।** भट्टू मंडी में एक युवक ने दुकान के गल्ले से हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। दुकानदार ने युवक को पकड़ने की भी कोशिश की लेकिन युवक भागने में कामयाब रहा। बाद में दुकानदार ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस को दी शिकायत में गांव बनमंदौरी निवासी युद्धवीर ने कहा है कि वह अब भट्टू मण्डी में रहता है। उसकी एवन कालोनी में किरयाणे की दुकान है।

### टोहाना में किसान की हजारों की गेहूं चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना में चोरों ने एक किसान की हजारों रुपये की गेहूं चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में फ्रेंडस कालोनी टोहाना निवासी गुरप्रीत सिंह ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है और उसकी टोहाना में बाईपास पर कृषि भूमि है। उसने अपने खेत में शैड बनाया हुआ है और वहां उसकी अपनी गेहूं की फसल काटकर 1933 बोरियां भरकर रखी हुई थी। गत दिवस सुबह उसके सीरी जगदीश ने उसे फोन पर सूचना दी कि रात को उसके खेत से गेहूं की कुछ बोरियां चोरी हो गई है।

### बंद पड़े मकान से लाखों के आभूषण चोरी

**सिरसा।** छुट्टी पर गए भारतीय वायुसेना में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के घर के ताले तोड़कर चोर लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में सार्जेंट सुधीर कुमार ने बताया कि बीती 6 मई को वह आपातकालीन छुट्टी लेकर काम से गया था। पीछे से चोरों ने उसके घर की दीवार पर लगी जाली को तोड़कर मकान में की चोरी।

### घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर के चत्तरगढ़पट्टी में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव फरवाईकलां निवासी पवन कुमार ने बताया कि वह चत्तरगढ़पट्टी में किराए के मकान में रहता है। उसने बताया कि बीती 6 मई की शाम उसने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी काफी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

# मई में जून-सी गर्मी की हो रही फीलिंग, रातें तपने लगीं

## न्यूनतम तापमान में रिकार्ड वृद्धि, 10 से बदलेगा मौसम

### प्रदेश में बीती रात को ओवरआल न्यूनतम तापमान में करीब 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में इस बार मई के दूसरे सप्ताह गर्मी ने जून की गर्मी की फिलिंग करवा दी है। दरअसल बुधवार को यहां का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री को पार कर गया जबकि अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आसपास घूम रहा है। यानी की प्रदेश में दिन के साथ अब रातें भी तपने लगी हैं। प्रदेश में बीती रात को ओवरआल न्यूनतम तापमान में करीब 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

हरियाणा के कुछ इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मंगलवार को दिन में फतेहाबाद का तापमान बढ़ कर 44 डिग्री रहा। यहां पर झुलसा देने वाली गर्मी पड़ी है। बुधवार को भी गर्मी से कोई राहत नहीं मिली। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ के अनुसार राज्य में मौसम आमतौर पर 10 मई तक खुश्क रहने और दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

इस दौरान बीच-बीच में हल्की गति से हवाएं चलने व तापमान बढ़ने से बीच बीच में हल्के बादल संभावित हैं। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 10 मई से मौसम में बदलाव हो सकता है। इससे राज्य में 10 मई देर रात्रि से 12 मई तक हवाएं व गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी या छिटपुट हल्की बारिश की संभावना बन रही है परंतु इससे तापमान में ज्यादा कमी नहीं आने वाली।



**फतेहाबाद।** भीषण गर्मी से बचाव के लिए बच्चे को ढककर ले जाती महिला।

### गर्मी से बचने के लिए क्या करें

घर पर रहें और रेडियों सुनें, स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और कोविड-19 के अपडेट/एडवाइजरी के लिए समाचार पत्र पढ़ें, टीवी देखें। प्यास न होने पर भी पानी पीते रहें। हल्के रंग के ढ़ीले व सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर व मुंह के बचाव के लिए काला चश्मा, छाता, पगड़ी, दुपट्टा, टोपी के लिए अलावा पैरों में जूते या चप्पल अवश्य पहनें। किसी भी सतह को छूए ना, जितना हो सके दूर रहें। लोगों से कम से कम एक मीटर की सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें। साबुन और पानी से अच्छी तरह से अपने हाथों को धोएं। अगर साबुन व पानी नहीं है तो सैनिटाइजर का प्रयोग करें। घर के प्रत्येक सदस्य के लिए अलग से तौलिए रखें और नियमित अंतराल के बाद इन्हें धोएं। इसके अलावा यात्रा करते समय अपने साथ पानी जरूर साथ लेकर चलें। यदि आप बाहर काम करते हैं तो एक टोपी या छतरी और अपने सिर, गर्दन, चेहरे के लिए एक नम कपड़े का उपयोग करें। घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। कमजोर, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। गर्भवती महिलाओं और श्रमिकों को गर्मी से बचाव पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए।

### क्या न करें

बच्चों व पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें। धूप में बाहर जाने से बचें, खासकर दोपहर 12 बजे से तीन बजे बीच। गहरे रंग या तंग कपड़े पहनने से बचें। बाहरी तापमान अधिक होने पर कठोर मेहनत वाली गतिविधियों से बचें। अधिक गर्मी के समय खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के क्षेत्र को पूरी तरह से हवादार बनाएं, जिसके लिए दरवाजे, खिड़कियां खोलें। शराब, चाय, कॉफी और काबार्ेनेटिड शीतल पेय पीने से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं। उच्च प्रोटीन वाले बासी भोजन का सेवन न करें। हाथों को धोए बिना अपने आंख, नाक व चेहरे को न छूएं। जो व्यक्ति बीमार है, उसके नजदीक जाने से बचें। अगर आप बीमार है तो बाहर न जाएं, घर पर ही रहें।

### हीट वेव को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

तेज गर्मी व हीट वेव के दृष्टिगत उपायुक्त राहुल नरवाल ने आमजन से अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी सावधानी बरतें व गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि हीट वेव से शारीरिक तनाव हो सकता है और यहां तक की मनुष्य की जान जा सकती है। जान को खतरा बनने वाली हीट वेव से बचने के लिए सावधानियां बरतनी जरूरी हैं। उपायुक्त राहुल नरवाल ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से गर्मी व लू से बचने के संबंध में जारी हिदायतों बारे जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक दोपहर के समय बाहर जाने से बचें। तापमान अधिक होने की स्थिति में श्रमयुक्त कार्य न करें। इसके अलावा, शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और काबार्ेनेटिड शीतल पेय जैसे पदाथार्ें के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं।

# राजनीतिक दल व अधिकारी करें प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना

- किसी भी ढंग से आदर्श चुनाव संहिता की उल्लंघना ना करें अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश राहुल नरवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी, समर्थक व आम नागरिक तथा अधिकारियों द्वारा दा हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार चुनाव संहिता की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करें। किसी भी ढंग से आदर्श चुनाव संहिता की उल्लंघना ना करें अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोकतंत्र के इस महापर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपत्ति या सरकारी परिसर यानि कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठान की पर दीवार-लेखन, पोस्टर आदि सभी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार से सार्वजनिक संपत्ति और सार्वजनिक स्थान पर जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सडक़ मार्ग, सरकारी बसों, बिजली/टेलीफोन के खंभे, नगरपालिका/स्थानीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्र, आयुष, स्वास्थ्य विभाग व पशुपालन विभाग की डिस्पेंसरी के भवनों पर प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। इसके साथ-साथ यदि ऐसा कोई करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। वहीं कोई भी राजनीतिक दल मकान या प्रतिष्ठान के मालिक की इजाजत के बिना उस पर अपनी प्रचार सामग्री चस्पा नहीं कर सकता।

## ऑनलाइन टास्क पूरा कर कमीशन कमाने के लालच में युवक से 39 लाख की ठगी

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन टास्क पूरा कर कमीशन कमाने के लालच में फतेहाबाद जिले का एक युवक 39 लाख से अधिक की ठगी का शिकार हो गया। इस बारे पीड़ित युवक की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना फतेहाबाद में धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव हमजापुर निवासी जरनैल सिंह ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 25 मार्च को उसके टेलीग्राम एप पर मैसेज आया। जिसमें कहा गया कि अगर वह ऑनलाइन काम करना चाहता है तो कम्पनी की वेबसाइट महिन्द्रानाउ डॉट कॉम और वर्कमहिन्द्रा डॉट काम पर उनकी प्रोपर्टीज को ऑनलाइन प्रमोट करना है, जिसके बदले में कमीशन उसे कमीशन देगी। इसके बाद उसने उक्त ऑनलाइन कम्पनी को 'वाइन कर लिया और काम शुरू कर दिया। इसके बाद उससे कहा गया कि अगर वह 'यादा कमीशन चाहता है तो उसे प्रीपेड टॉक्स करने होंगे। उनकी बातों में आकर उसने टास्क पूरा करने के लिए 29 मार्च को 30 हजार रुपये बताए गए खाते में जमा करवा दिए। उसके बाद उसने वेबसाइट पर टास्क पूरे करने शुरू कर दिए। इस तरह उसने 29 मार्च से 5 अप्रैल तक कुल 39 लाख 16 हजार 610 रुपये विभिन्न ट्राजेक्शनों के माध्यम से टास्क पूरा करने के नाम पर जमा करवा दिए।

## इंटक का सम्मेलन, सीमा सरना बनी इंटक महिला विंग की जिला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** इंटक महिला विंग की जिला प्रधान चुने जाने पर सीमा सरना को बधाई देते महिला सदस्य।

डांगरा रोड पर संतोख कॉलोनी में स्थित इण्डियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस यानि इंटक कार्यालय में सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हरियाणा कांग्रेस कमेटी के लीगल डिपार्टमेंट स्टेट चेयरमैन लाल बहादुर खोवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस ओबीसी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष व इंटक के जिला प्रधान सज्जन इन्दाछोई व ईश सरना ने निभाई। इस अवसर पर इंटक के प्रदेश महामंत्री धर्मवीर लोहान, प्रदेश प्रधान कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे। इंटक के जिला प्रधान सज्जन सिंह इंदाछोई ने बताया कि ट्रेड यूनियन से जुड़े संगठनों, कर्मचारियों, मनरेगा मजदूरों की तमाम समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के उद्देश्य से इंकट का यह कार्यालय खोला गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूर, भवन निर्माण मजदूर, ऑटो रिक्शा चालक, खेतीहर मजदूर आदि कमेरे वर्ग के लोग इस कार्यालय में आकर अपने हितों व हकों की जानकारी ले सकते हैं। मुख्यातिथि लाल बहादुर खोवाल ने इंटक की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि मजदूर व कमेरे वर्ग की आवाज उठाना बहुत ही नेक कार्य है।

## सिरसा संसदीय सीट के लोगों की प्रमुख मांग है डबवाली-नरवाना रेल लाइन

**डबवाली।** सिरसा संसदीय सीट का चुनाव प्रचार जोरों पर है। राजनीतिक दलों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर तरह-तरह की बातें की जा रही है। 'यादा चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है लेकिन कुछ स्थानीय मुद्दे भी अब उठाए जा रहे हैं। लेकिन इस बीच डबवाली को कालांवाली से रेल लाइन द्वारा जोड़ने का वर्षों पुराना मुद्दा अब चर्चा में सुनाई नहीं देता। वर्तमान में कोई राजनीतिक दल इस पर बात नहीं कर रहा। ऐसा नहीं है कि यह मुद्दा नया हो। वर्ष 2010-2011 में डबवाली-कालांवाली रेलवे लाइन मंजूर भी हो चुकी है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस लाइन का सर्वे भी करवाया। लेकिन उसके बाद इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब चुनावी माहौल में डबवाली से नरवाना वाया कालांवाली रेलवे लाइन बनाने की मांग लोगों द्वारा उठाई जा रही है। लोगों की मांग है कि डबवाली, कालांवाली, रोड़ी, सरदूलगढ़, रतिया, उकलाना होकर नरवाना तक रेल मार्ग बनाया जाए। यह रेल मार्ग इस इलाके के लोगों को चंडीगढ़ व दिल्ली से जोड़ने का काम करेगा। इससे यात्रा सुगम,सरल और किफायती हो जाएगी। अब तक इलाके के लोग बठिंडा के मार्ग से दिल्ली-चंडीगढ़ व अन्य शहरों की ओर जाते हैं। लेकिन बठिंडा रेल मार्ग पर ट्रैफिक बहुत 'यादा बढ़ गया है। नई रेल मार्ग बनने से बठिंडा रेल मार्ग पर ट्रैफिक की समस्या का भी समाधान होगा। इसके अलावा डबवाली-नरवाना रेल मार्ग के अधीन आने वाले करीब आधा दर्जन छोटे शहरों के लोगों को भी इसका बड़ा लाभ मिलेगा।

## स्व. पदम जैन के आवास पर पहुंचे सीएम नायब सैनी

**सिरसा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने सिरसा प्रवास के दौरान बुधवार सुबह भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे स्व. पदम जैन के निवास पर पहुंचे। उनके साथ भाजपा के सिरसा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर, सुरेंद्र पूनियां, कैप्टन भूपेंद्र व सुरेंद्र आर्य भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शोक संतप्त जैन परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने इस अवसर पर परम पिता परमात्मा से स्व. जैन की आत्मिक शांति के लिए अरदास करते हुए स्व. पदम जैन के साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए कहा कि वो बहुत ही सरल व सुलझे हुए इंसान थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में शुचितापूर्ण व स्वच्छ राजनीति का आदर्श आमजन के समक्ष प्रस्तुत की।

## सरकारी स्कूल भूथन कलां का परिणाम रहा बेहतरीन

# 12वीं के मेधावियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** सरकारी स्कूल भूथनकलां में 12वीं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूथन कलां में कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं के कुल 40 में से 14 बच्चो की बोर्ड मेरिट तथा 10 बच्चों ने ग्रामीण मेरिट हासिल की। छात्रा ईशा ने 500 में से 476 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया सिमरन ने 468 अंक लेकर दूसरा तथा तमन्ना ने 463 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। ईशा ने अर्थशास्त्र विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। सभी बच्चों को माला पहनकर सम्मानित किया गया तथा गांव में रैली निकाली गई। गांव वासियों द्वारा सभी बच्चों का सम्मान किया गया तथा उज्ज्वल भविष्य हेतु अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेश कुमार रंगा, एसएमसी प्रधान वकील चंद, ग्रामीण शिक्षा समिति के प्रधान कृष्ण ज्याणी, गांव के सरपंच राजकुमार बेनीवाल, विद्यालय का समस्त स्टाफ, गांव के सामाजिक कार्यकर्ता तथा शिक्षाविद मौजूद रहे।

शिक्षा समिति के प्रधान कृष्ण ज्याणी ने बताया कि इस बेहतरीन शिक्षा परिणाम का पूरा श्रेय प्रिंसिपल के कुशल नेतृत्व और अध्यापकों की मेहनत के साथ-साथ पूरे गांव के लोगों को जाता है। हमारे पूरे गांव में 2020 में यह निर्णय लिया था कि हम अपने गांव के सभी बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला कराएंगे। यह सिद्धांत को लेकर पहल की गई की प्राइवेट स्कूलों में अभिभावकों को भारी भरकम फीस अदा करनी पड़ती है और बच्चों को पढ़ने के लिए दूरदराज के स्कूलों में भी जाना पड़ता है।




**खबर संक्षेप**

### टोहाना शहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोर ने गत दिवस टोहाना शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में एसवीएम स्कूल के सामने, टोहाना निवासी सुशील कुमार ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के पास आर्य समाज मंदिर के सामने वाली गली में खड़ा किया था और घर चला गया था।

### दो घंटों में पुलिस ने पकड़े दो चोर, चोरीशुदा तार बरामद

**फतेहाबाद।** अपराधियों पर नकेल कसते हुए सदर टोहाना पुलिस ने मात्र 2 ही घंटों मे चोरी की वारदात को सुलझाते हुए दो चोरो को काबू करने उनके कब्जा से हजारो रुपये की ट्यूब्वैल की चोरीशुदा तारें बरामद की है।

### युवक का शव पंजाब के पास माइनर से मिला

**रतिया।** उप मंडल के गांव खुंडन से पिछले दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए एक युवक का शव पंजाब के एक गांव से माइनर में मिला है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेज दिया। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी को लेकर पहले गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था।

### अवैध पिस्तौल सप्लायर मामले में आरोपी काबू

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए करीब 3 साल से अवैध हथियार की सप्लाई के मामले में वांछित आरोपी को काबू किया है। शहर थाना की एक पुलिस टीम ने उक्त आरोपी दारा सिंह को महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर शहर के हिसार रोड क्षेत्र से काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी दारा सिंह के खिलाफ जानलेवा हमला, मारपीट तथा शस्त्र अधिनियम के तहत अनेक मामले पहले से ही दर्ज है।

### 492 बोतल अवैध शराब व 190 लीटर लाहन सहित दो काबू

**सिरसा।** सीआईए सिरसा व रानियां थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब का भंडारण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को काबू कर उनके कब्ज से 492 बोतल अवैध शराब व 190 लीटर लाहन बरामद किया है।

### लोगों को बिना डर के चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

# पुलिस और अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

**पुलिस टीम व सीआरपीएफ की महिला टुकड़ी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



**डबवाली।** डबवाली के गांवों में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस व अर्धसैनिक बल।

पुलिस जिला डबवाली लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। बुधवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डबवाली के थाना सदर के एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ की महिला टुकड़ी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। डबवाली क्षेत्र में लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने पैरामिलट्री की फोर्स के जवानों के साथ मिलकर थाना सदर डबवाली के क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय किशोरी लाल व प्रभारी चौंकी चौटाला सहायक उप निरीक्षक जयबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस व पैरामिलट्री की फोर्स की टीमों का फ्लैग मार्च गांव सकता खेड़ा, सुखेराखेड़ा, गिदड़खेड़ा, आशाखेड़ा, भारुखेड़ा, मोजगढ़, लंबी, लखुआना, दिवानखेड़ा से गांव खुईयांनेपालपुर तक के एरिया के विभिन्न गलियों व मार्गोर् से होकर गुजरा। पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के पुलिस टीम लिए प्रेरित किया। जनता से अपील की गई कि वह चुनाव के समय किसी भी ने असमाजिक तत्व के बहकावे में न आकर किसी प्रकार के लालच देने वालों की सूचना तुरन्त अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम में दें। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने में व पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

### टोहाना में नप कार्यालय का मतदान केंद्र बनेगा मॉडल बूथ

**टोहाना।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत टोहाना विधानसभा सैगमेंट/क्षेत्र में मतदान केंद्र संख्या 64 कस्बा टोहाना, कार्यालय नगरपरिषद बायां कक्ष मतदान केंद्र को मॉडल बूथ/ग्रीन बूथ के लिए चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल द्वारा जारी हिदायतों अनुसार मॉडल बूथ/ग्रीन बूथ तैयार करवाने के लिए नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक नागरिक अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करना चाहिए। उन्होंने युवाओं व विद्यार्थियों को वोट के भुगतान बारे प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वयं तथा अपने अभिभावकों के मत का प्रयोग अवश्य करवाये।

## ब्राह्मण सभा 10 को मनाएगी भगवान परशुराम जन्मोत्सव

- आज शहर में निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री ब्राह्मण सभा फतेहाबाद द्वारा भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 9 मई को फतेहाबाद में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए ब्राह्मण सभा फतेहाबाद के प्रधान रामनिवास शर्मा ने बताया कि 9 मई वीरवार शाम सवा 4 बजे शोभा यात्रा को श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा मानावाली से महंत राजेश गिरी जी रवाना करेंगे। इस शोभा यात्रा श्री परशुराम मंदिर से चलकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला में पहुंचेगी। इस दौरान यात्रा का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दिन रात्रि बलवान शर्मा द्वारा लंगर सेवा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद 10 मई शुक्रवार को श्री ब्राह्मण धर्मशाला में जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दिन प्रातः कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थी क्लॉथ हाऊस से हरीदत्त शर्मा ध्वजारोहण कर करेंगे। इसके बाद बीघड़ रोड, डीसी कालोनी स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर में हवन यज्ञ किया जाएगा, जिसमें बतौर मुख्य यजमान देवेन्द्र शर्मा, कुम्हारिया वाले भाग लेंगे।

## टोहाना में दुकान से नकाबपोश युवक ने हजारों की नकदी चुराई

- चोरी की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना में एक नकाबपोश युवक दुकान में घुसकर हजारों की नकदी चोरी कर ले गया। चोरी की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में टोहाना निवासी दीपक ने कहा है कि उसकी मिलन चौक के पास किरयाणे की दुकान है। गत दिवस दोपहर को वह खाना खाने के लिए घर गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस दुकान पर आया तो उसने देखा कि उसकी दुकान के शीशे वाले गेट का ताला टूटा हुआ था और दुकान का गल्ला खुला पड़ा था। चोर उसकी दुकान के गल्ले से 7-8 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए हैं। जब उसने दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो पाया कि दोपहर 1 बजकर 20 मिनट पर एक युवक मुंह ढके हुए उसकी दुकान पर आया और नकदी चोरी कर ले गया है। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## रोडवेज जीएम ने भूना बस स्टैण्ड प्रांगण में लगाई त्रिवेणी

- पेड़ पौधों से जीने के लिए ऑक्सीजन प्राप्त होती है : दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

रोडवेज डिपो फतेहाबाद के महाप्रबंधक अजय दलाल ने बुधवार को सामान्य बस स्टैंड भूना में त्रिवेणी का पौधा लगाकर पेड़ बचाओ का संदेश दिया। इस दौरान रोडवेज के चालक-परिचालकों और अन्य कर्मचारियों ने पौधे लगाने का संकल्प लिया।

रोडवेज महाप्रबंधक दलाल ने कहा कि जीवन में पेड़ पौधे लगाना अनिवार्य है इनसे हमें जीने के लिए ऑक्सीजन प्राप्त होती है। पेड़ों के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। दलाल ने कहा कि आज हमारा पर्यावरण बहुत दूषित होता जा रहा है, इसे दूर करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पेड़ पौधों से हमें स्वच्छ वायु, औषधियां, फल, सब्जियां आदि प्राप्त होते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने चाहिए। इस मौके अवसर पर सुरेश दहिया, राजाराम हुड्डा, रजत झुंझाड, आजाद सिंह, चंबा राम व अन्य कर्मचारीगण मौके पर थे।



**भूना।** सामान्य बस स्टैंड में त्रिवेणी पौधा लगाते हुए रोडवेज जीएम अजय दलाल।

## 51 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

- रक्तदान से किसी अमूल्य व्यक्ति की जिंदगी को बचा सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

धर्म जागरण समन्वय द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में तीसरा रक्तदान शिविर बुधवार को शहर की शोरगर धर्मशाला थेहड़ मोहल्ला में आयोजित किया। शिविर का शुभारंभ धर्म जागरण समन्वय के हिसार विभाग संयोजक दिनेश सिंघानिया एवं धर्म जागरण विभाग संयोजिका ममता गोयल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर दिनेश सिंघानिया व ममता गोयल ने संयुक्त रूप से कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसका दान ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दी गई रक्त की बूंदें किसी अमूल्य व्यक्ति की जिंदगी को बचा सकती है। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति साल में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करे, ताकि रक्त के अभाव में किसी की जान न जाने पाए। उन्होंने कहा कि खासकर गर्मी के दिनों में रक्त की अधिक आवश्यकता पड़ती है। इसलिए सभी अपने घरों में खुशी के अवसरों पर अनाप-शनाप खर्च करने की बजाय इस प्रकार से रक्तदान शिविर लगाकर समाज को एक नया संदेश दे सकते हैं। शिविर में शिवशक्ति ब्लड बैंक की टीम ने 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया।



**सिरसा।** शिविर में रक्तदान करते युवा। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर आरएसएस से जनकराज शेरपुरा, अरविंद बंसल, अश्विनी खन्ना, धर्म जागरण के नगर संयोजक यशपाल शोरगर, रोशन सारडा, मोहित मेहता, संजय मरोदिया, अजय शेरपुरा, रेणू शर्मा, 'योति मेहता, दीपिका जैन एडवोकेट, अनीता महिपाल, भावना गोयल, सुनीता सेठी, अनीता महिपाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्त्यार सिंह पीजी कॉलेज, बहबलपुर मे मनाया गया विश्व रेडक्रॉस डे

- विश्व रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य असहाय तथा घायल सैनिकों व नागरिकों की रक्षा करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्त्यार सिंह मेमौरियल पीजी कॉलेज, बहबलपुर में आज विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. सुशील कुमार, पीएचसी नागपुर ने भाग लिया। प्रबंधक समिति के चेयरमैन डॉ. हरमिंदर सिंह, डायरेक्टर अमनदीप कौर ने उनका स्वागत किया। डॉ. सुशील कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रतिवर्ष 8 मई को हेनरी डुनेंट की जयंती पर मनाया जाता है, जो रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति के संस्थापक थे। इस दिन लोग उन कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और सदस्यों को धन्यवाद देते हैं, जो विश्वभर में जरूरतमंद लोगों की सहायता करते हैं। डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य असहाय तथा घायल सैनिकों व नागरिकों की रक्षा करना है। वैश्विक महामारी के समय रेडक्रॉस का महत्व और भी बढ़ जाता है। डॉ. सुशील कुमार ने विद्यार्थियों को रक्तदान करने के लिए भी प्रोत्साहित किया और कहा कि जिनमें 14 से 16 ग्राम खून की मात्रा है, उन्हें अवश्य रक्तदान करना चाहिए। अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. ओ.पी. नागपाल ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाकर विश्व रेडक्रॉस डे मनाया।

## संस्था ने करवाया धर्मार्थ प्याऊ का निर्माण

- लोगों को भीषण गर्मी में ठंडा जल मुहैया करवाने के लिए प्याऊ का निर्माण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री कृष्णा मानव कल्याण समिति की ओर से पोस्ट ऑफिस के सामने सदर गेट पर धर्मार्थ प्याऊ का निर्माण करवाया गया है। संस्था के प्रधान राजेंद्र बजाज एडवोकेट ने बताया कि संस्था की ओर से लोगों को भीषण गर्मी में ठंडा जल मुहैया करवाने के लिए प्याऊ का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि संस्था के संस्थापक स्व. भगवानदास बजाज ने जिन उद्देश्यों को लेकर संस्था की स्थापना की थी, आज का कार्यक्रम इसी कड़ी का ही एक रूप है। उन्होंने अपने जीवनकाल में लोगों को गर्मियों के मौसम में ठंडा जल मुहैया करवाने के लिए संस्था की ओर से अनेक धर्मार्थ प्याऊ का निर्माण करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी वीरेंद्र अरोड़ा ने की। वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि यह संस्था सही अथार्र् में समाजसेवा में लगी हुई है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ठ अतिथि पप्पू रांझा ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कायार्र् की प्रशंसा की। संस्था के कोषाध्यक्ष विनीत अरोड़ा ने संस्था के कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव बजाज, हरीश अरोड़ा, विनोद बंसल, गोपी शर्मा, नरेश बजाज, अतर सिंह का विशेष सहयोग रहा। अंत में संस्था के उपप्रधान रणजीत सिंह टक्कर ने आए हुए सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।



**सिरसा।** श्री कृष्णा मानव कल्याण समिति प्याऊ का निर्माण करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मतदान के प्रति जागरुकता अभियान 14 मई से

- 14 से आयोजित होंगे वोटर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा जिला में 14 मई से 20 मई तक भविष्य आपके हाथों में-मतदान का अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्वीप गतिविधियों के तहत लोकसभा आम चुनाव में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों द्वारा वोट किया जाए, इसके लिए ये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान पैनल अधिवक्ता उपमंडल टोहाना के गांवों में जाकर नागरिकों को वोट के अधिकार व संविधान में नागरिकों को दिए गए अन्य अधिकारों बारे जागरूक करेंगे। सीजेएम गायत्री ने बताया कि 14 मई को गांव पिरथला में पैनल अधिवक्ता प्रवीण कुमार, 15 मई को गांव डांगरा में पैनल अधिवक्ता रमेश कुमार, 16 मई को गांव जमालपुर शेखां में पैनल अधिवक्ता सोहन लाल पंवार, 17 मई को गांव बलियावाला में पैनल अधिवक्ता जगजीत सिंह, 18 मई को गांव कन्हेड़ी में पैनल अधिवक्ता बलिंद्र सिंह, 19 मई को गांव धारसूल कलां में पैनल अधिवक्ता सतपाल तथा 20 मई को गांव चांदपुरा में पैनल अधिवक्ता मनदीप सिंह वोटर जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## छात्रों ने मतदान के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

शांति निकेतन स्कूल में बुधवार का दिन मतदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों को देश में चुनावों की प्रक्रिया और लोकतंत्र का महत्व समझाना था। इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को परिवारजनों और आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ के साथ की गई। विद्यार्थियों को समझाया गया कि स्वतंत्र में मतदान क्यों आवश्यक है और जाति, मजहब से ऊपर उठकर ईमानदार उम्मीदवार चुनना क्यों जरूरी है। कार्यक्रम के तहत कुछ विद्यार्थियों को इलेक्शन में सीट आबंटित की गई और और अन्य विद्यार्थियों ने अपने- अपने उम्मीदवार को वोट देकर चुना। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बना कर मतदान जरूर करें का संदेश दिया। कार्यक्रम में कशिश, आशु, संतोष, नीतू, मीरा, निक्की, जिया, नितिका, प्रांजल, हंसिका, बिट्टू, पायल आदि विद्यार्थियों ने मतदान विषय पर सुंदर पोस्टर बनाए।



**भूना।** शांति निकेतन स्कूल के विद्यार्थी मतदान को लेकर उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 19 मई को रोहतक में होगा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

## धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

- देशभर से जुटेंगे सर्व समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री ब्राह्मण सभा सिरसा के प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 10 मई को सुबह श्री गीता भवन मंदिर में हवन यज्ञ होगा। इसके बाद परशुराम चौक पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया जाएगा। दयानंद शर्मा आज श्री गीता भवन मंदिर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रो. शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार 12 मई को बेगू रोड स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सर्वसमाज के लोग उपस्थित होंगे। इस कार्यक्त्रम में बतौर मुख्यातिथि डायरेक्ट गृह मंत्रालय भारत सरकार चित्रलेखा शर्मा शिरकत करेंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा करेंगे।

वहीं विशिष्ठ अतिथियों में जयहिंद मंच के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा, एसीपी दिल्ली दिनेश शर्मा, सीनियर पायलट भारत सरकार अनिल शर्मा, राष्ट्रपति अवार्डी डा. धर्मपाल भारद्वाज, राजकुमार शर्मा व संस्कृत विद्वान दिल्ली ओमप्रकाश शास्त्री शामिल रहेंगे। प्रो. शर्मा ने बताया कि इसके अलावा आगामी 19 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जयंति को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा, जहां देशभर से लोग जुटेंगे।

सबसे बड़ी बात ये होगी कि इस कार्यक्रम में कोई मुख्यातिथि नहीं होगा, समाज के लोग ही कार्यक्त्रम को संचालित करेंगे। इस मौके पर कार्यकारी प्रधान रोशनलाल वशिष्ठ, महासचिव रितेश जोशी, उपाध्यक्ष विजय जोशी, कैशियर अश्विनी कौशिक, धनश्याम शर्मा, लक्ष्मीकांत, धर्मपाल तिवारी, ईश्वर दत्त, सुरेंद्र पारीक व देव वशिष्ठ उपस्थित थे।



**सिरसा।** पत्रकारों से बातचीत करते प्रो. दयानंद शर्मा।

## खबर संक्षेप

### पैनल अधिवक्ताओं की कार्यशाला 29 मई को

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 29 मई को दोपहर 3 बजे स्थानीय जिला न्यायालय स्थित एडीआर सेंटर में मेडिकल ट्रीटमेंट फार प्रेगनेंसी एक्ट 1971 व पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी भाग लेंगे। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने दी।

### व्यक्ति के बैग से 50 हजार चोरी

**रानियां।** बैंक से एक लाख रुपए की नकदी लेकर आ रहे एक व्यक्ति के बैग से 50 हजार रुपए की नगदी चोरी होने की घटना सामने आई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव फतेहपुरिया निवासी सोहनलाल ने बताया कि उसने रानियां में पीएनबी की ब्रांच से एक लाख रुपए निकलवाए थे। एक बैग में राशि लेकर वह जीवनगर रोड स्थित मोहित ट्रैडर्स की दुकान पर पहुंचा और उसे 50 हजार रुपए निकालकर दे दिए। उसने बैग संभाला तो नीचे से कटा हुआ था और 50 हजार रुपए की नकदी भी गायब थी।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**फतेहाबाद।** टोहाना में पिकअप की टक्कर से बाईक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में दमकौरा रोड, टोहाना निवासी पोला ने कहा है कि गत दिवस वह गांव के ही महेन्द्र उर्फ मिंदा के साथ किसी काम से मोटरसाइकिल पर सवार होकर टोहाना आए थे। काम समाप्त करके वे वापस गांव जा रहे थे। जैसे ही वे सैन चौक, टोहाना के पास पहुंचे तो रतिया साइड की तरफ से आ रही एक पिकअप के चालक ने गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाया और उनके मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर दे मारी।

### पड़ोसी युवक पर लगा चोरी का आरोप

**फतेहाबाद।** ढाणी मियां खां में एक घर में घुसकर युवक गहने व अन्य सामान चोरी कर ले गया। पड़ोस में रहने वाले युवक पर चोरी का आरोप लगा है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी मियां खां निवासी सीताराम ने कहा है कि 6 मई को वह अपने परिवार सहित गोगामेड़ी गया हुआ था। पीछे से अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए। जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके घर के कमरे की खिड़की टूटी हुई थी और अंदर संदूक का भी ताला टूटा पड़ा था।

### बुजुर्ग महिला को कमरे में बंद कर की चोरी

**फतेहाबाद।** कुछ युवकों ने गांव डूल्ट में एक घर में घुसकर बुजुर्ग महिला को कमरे में बंद कर दिया और हजारों की नकदी व सामान चोरी कर ले गए। इस बारे भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव डूल्ट निवासी अजय कुमार ने कहा है कि सोनी बोली गागी व अन्य युवक गत दिवस उसके मकान में घुस गए और वहां से सिलैण्डर व पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 5100 रुपये की नगदी के अलावा कुछ जरूरी कागजात भी थे।

### प्रशासनिक अधिकारियों की हुई बैठक

# जीरो टॉलरेंस नीति से संपन्न होंगे लोकसभा चुनाव



सिरसा। चुनाव से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेते सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी।

### खर्च पर्यवेक्षक ने शहर में कोई भी चुनावी प्रचार सामग्री चस्पा न मिलने पर प्रशासन की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

लोकसभा क्षेत्र की सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी ने कहा कि चुनाव में नियुक्त प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने कर्तव्य की पालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को जीरो टॉलरेंस नीति के साथ संपन्न कराना है, ऐसे में सभी संबंधित अधिकारी पूर्ण सजगता व सक्रियता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोकसभा क्षेत्र के जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ चुनाव प्रबंधन की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में लोकसभा क्षेत्र के पुलिस पर्यवेक्षक विशाल कुमार व खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह सहित रिटर्निंग अधिकारी आर के सिंह, पुलिस अधीक्षक सिरसा विक्रांत भूषण, पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस पर्यवेक्षक विशाल कुमार ने कहा कि जिला में आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि किसी भी रूप से अवैध तरीके से चुनावी प्रक्रिया के दौरान नियमों की अवहेलना न हो, एफएसटी व एसएसटी टीमें सक्रिय रहें। पुलिस अधिकारी विधानसभा क्षेत्र के अनुसार जब्त की गई सामग्री की रिपोर्ट चुनाव आयोग को रोजाना भिजवाएं। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर सामुदायिक झगड़े होने की आशंका है, उन पर अभी से पुलिस व प्रशासन के अधिकारी विशेष निगरानी रखें और शांतिपूर्ण माहौल में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाएं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि जिला में अभी तक लगभग 70 लाख रुपये की अवैध शराब, नकदी और नशीले पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं। पुलिस टीमें लगातार नाके लगाकर मुस्तैदी से जिले की सीमाओं पर निगरानी रख रही है। इसके अलावा जिले में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाने के लिए भी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। बैठक में एआरओ सिरसा राजेंद्र कुमार, एआरओ ऐलनाबाद डा. वेद प्रकाश बेनीवाल, एआरओ डबवाली अभय सिंह, एआरओ कालांवाली सुरेश रावेश, एआरओ रानियां सुरेश कुमार ने सामान्य पर्यवेक्षक को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव से संबंधित की गई तैयारियों बारे विस्तार से जानकारी दी।

# हरियाणा में भाजपा को नहीं खतरा

- कहा, प्रदेश में सभी 10 सीटों पर खिलेगा कमल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बेशक विपक्षीदल सरकार के खिलाफ कितने ही मंसूबे पाल ले मगर सरकार को कोई खतरा नहीं है। हमारी सरकार पूरे पांच साल तक निर्बाध तरीके से चलेगी। सीएम बुधवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने सरकार के अल्पमत में आने के सवाल पर कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने से सरकार को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। सरकार पहले भी अल्पमत में नहीं थी और अब भी अल्पमत में नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की इच्छा हमेशा सरकार बनाने की रहती है और वो दूसरों की इच्छाओं को पूरा करने का काम करते हैं। लेकिन कांग्रेस कभी ऐसे लोगों की इच्छाओं को पूरा नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस का इतिहास देखा है। सरकार बनाने के लिए व बचाए रखने के लिए वो कुछ भी कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के नेता अपनी इच्छाएं पूरी करने के लिए जुटे हुए हैं। उनकी सोच देश का विकास करने की नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन के माध्यम से भ्रष्टाचारियों को बचाने की है। यह गठबंधन ठगिया गठबंधन है।

### हाइवे पर पुलिस ने ट्रक कंटेनर पकड़ा, ठूंस-ठूंस कर भरे थे 55 कटड़े

**फतेहाबाद।** नेशनल हाइवे पर गांव खाराखेड़ी के पास नाकाबंदी के दौरान फतेहाबाद पुलिस टीम ने एक ट्रक कंटेनर को पकड़ा, जिसमें कटड़ों को ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ था। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक सहित दो युवकों को काबू किया है। मिली जानकारी के अनुसार बड़ोपल पुलिस चौकी में तैनात हैड कांस्टेबल संदीप कुमार को बुधवार सुबह डायल 112 से सूचना मिली कि एक ट्रक कंटेनर में गौवंश व अन्य पशुओं को भरकर फतेहाबाद से हिसार की तरफ ले जाया जा रहा है। इस पर पुलिस टीम ने नेशनल हाइवे 9 पर गांव खाराखेड़ी पुल के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी।

## दो किसानों के एटीएम बदलकर बैंक खातों से लाखों रुपये निकाले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिले के टोहाना क्षेत्र में दो किसानों के एटीएम कार्ड बदलकर उनके खातों से अज्ञात युवकों द्वारा लाखों की नकदी निकालने के दो मामले सामने आए हैं। इस बारे पीड़ित किसान ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ललौदा निवासी दलीप सिंह ने कहा है कि उसका एक्सीस बैंक टोहाना में खाता है। उसने बैंक से एटीएम कार्ड जारी करवाया हुआ है। 23 अप्रैल को उसने अपने एटीएम से 1 हजार रुपये निकलवाए थे। उसी समय 2 युवकों ने उसे गुमराह करके एटीएम चालू होने की बात करके उसकी सहायता के नाम पर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया, उस समय उसे इसका पता नहीं चला। उसके बाद उक्त युवकों ने उसके खाते से 9 हजार रुपये निकलवा दिए। 4 मई को उसकी गेहूं की पैमेंट करीब अढ़ाई लाख रुपये उसके खाते में आए थे। इस पर अज्ञात ठगों ने उसके खाते से कुल 2 लाख 58 हजार रुपये निकलवा लिए। 7 मई को जब वह बैंक में अपने गेहूं की पैमेंट बारे पता करने गया तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। इस पर उसने इस बारे तुरंत पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वृद्धा के कानों से झपटी बालियां

**सिरसा।** शहर के प्रेमनगर क्षेत्र में घर में बैठी वृद्धा के कानों से स्कूटी सवार युवक सोने की बालियां झपटकर फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से फतेहपुरिया नियामत खां व हाल निवासी प्रेम श्योकरण ने बताया कि बीती 7 मई की दोपहर को उसकी वृद्ध पत्नी घर में अकेली थी। वह किसी काम से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान एक युवक स्कूटी लेकर आया। स्कूटी बाहर खड़ी कर वह अंदर आया और उसकी पत्नी को बातों में लगाकर उसके कानों से दोनों सोने की बालियां छीन ले गया। उसकी पत्नी ने काफी शोर भी मचाया, लेकिन जब तक आसपास के लोग आते, युवक भागने में कामयाब हो गया।

## स्वामी अचलानंद गिरी की स्मृति में लगाया भंडारा



सिरसा। स्वामी अचलानंद गिरी की स्मृति में रेलवे स्टेशन पर भंडारे का आयोजन करते संस्था के सदस्य।

**सिरसा।** स्वामी अचलानंद गिरि महाराज की स्मृति में बुधवार को सिरसा रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों व यात्रियों के लिए बैसाख अमावस्या पर लंगर भंडारा लगाया गया। प्रवक्ता सुमन मित्तल ने बताया कि भंडारे का आयोजन स्वामीजी के श्रद्धालुओं द्वारा आपसी सहयोग से किया गया। भंडारे से पहले स्वामीजी के जयकारे के साथ सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। तत्पश्चात सैंकड़ों की संख्या में जरूरतमंद लोगों तथा यात्रियों को भोजन, मिष्ठान वितरित किया गया। भीषण गर्मी में भोजन वितरण के लिए सभी ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। सेवा कार्य में प्रेम नरूला, राजेश मल्होत्रा, देवराज, वंदना, रोहित छाबड़ा, राजकुमार, संजय चिटकारा, नीरूबाला, अनिल गुप्ता, ओमप्रकाश मेहता, सुमन मित्तल, डॉ. मनीष मल्होत्रा, वेदप्रकाश मल्होत्रा व उमेश मल्होत्रा का प्रमुख योगदान रहा।

# शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा बुधवार को स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरनियांवाली में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सीपीआर ट्रेनिंग व बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग प्रदान की गई। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि उपायुक्त आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रॉस दिवस की थीम 'मानवता अभी जिंदा है' को मध्यनजर रखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में 40 स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल से रक्तसंचार अधिकारी डा. समता, लैब टैक्नीशियन करनैल सिंह व औम प्रकाश ने रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के दौरान रेडक्रॉस द्वारा मैंबरशिप ड्राईव डैस्क भी लगाया गया जिसमें रेडक्रॉस वालंटियर्ज ने अपनी सेवाएं देकर लोगों को रेडक्रॉस गतिविधियों से जुड़ने के लिए व रेडक्रॉस, सैंट जॉन व अस्पताल कल्याण अनुभाग के आजीवन सदस्य व वार्षिक सदस्य बनने के लिए प्रेरित भी किया। शिविर में सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा में 200 छात्र-छात्राओं, जे.सी.डी. मैमोरियल पी.जी.कॉलेज के 40, स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरनियांवाली में 300 छात्र-छात्राओं तथा प्राथमिक सहायता प्रवक्ता राजिन्द्र कुमार द्वारा रानियां बाजार स्थित रेडक्रॉस भवन में 30 छात्रों को सी.पी.आर. व बेसिक फर्स्ट-एड का प्रशिक्षण डम्मी प्रैक्टिकल के माध्यम से प्रदान किया।

### ग्रामीणों को किया मतदान करने के लिए प्रेरित

**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आरके सिंह के निर्देशानुसार व अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश ग्रोवर ने गांव सिकंदरपुर व मोरीवाला में ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया। स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश ग्रोवर ने ग्रामीणों से कहा कि वे आने वाली 25 मई को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, साथ ही अपने रिश्तेदारों व आस-पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करें।

## पुलिस ने व्यक्ति से 6 लाख की नकदी जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस सिरसा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बीती देर रात शहर थाना पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 6 लाख रुपए की राशि जब्त की है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि बीती रात शहर थाना सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान शहर के रोड़ी बाजार क्षेत्र में मौजूद थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान एक व्यक्ति पैदल आया जिसकी पहचान दीपक पुत्र दलीप सिंह निवासी गांव निरबाण के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि शक के आधार पर जब पुलिस टीम ने उक्त व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके हाथ में पकड़े हुए बैग से 6 लाख रुपए की नकदी बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति नकद राशि के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। उन्होंने बताया कि 6 लाख की राशि जब्त कर, आगामी कार्रवाई के लिए आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। गौरतलब है कि सिरसा पुलिस की टीम ने कछ दिन पूर्व रानियां थाना क्षेत्र के गांव बणी क्षेत्र से 49 लाख 50 हजार रुपए की राशि बरामद की थी।

## सेंट जोसफ स्कूल में एनसीसी कैडेट्स चयन प्रक्रिया का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना में भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में 3 हरियाणा बटालियन नेशनल कैडेट कोर हिसार के तत्वाधान में एनीसीसी कैडेट्स के चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी मारियालीन लुईस, नायब सुबेदार सिराज खान, सीएचएम हवलदार प्रदीप कुमार, एएनओ प्रेमपाल सिंह तथा फिजिकल इंस्ट्रक्टर बलबीर सिंह, रिटायर्ड हवलदार की देखरेख में संपन्न हुई। स्कूल प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि चयन प्रक्त्रिया में



फतेहाबाद। टोहाना के सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में चयन प्रक्रिया में भाग लेते विद्यार्थी।

8वीं तथा 9वीं कक्षा के 53 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन 50 अंकों की लिखित परीक्षा, मेडिकल टेस्ट, फिजिकल टेस्ट और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया गया। सभी प्रकार के टेस्ट होने के बाद कुल 26 विद्यार्थियों का चयन हुआ तथा 7 विद्यार्थियों को रिजर्व कैटेगरी में रखा गया। स्कूल प्राचार्या मारियालीन लुइस व उप प्राचार्या कुलदीप कौर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डबवाली नगर परिषद के काम में गड़बड़ी, अब पार्षद मुखर हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली

डबवाली नगर परिषद का काम लंबे अरसे से चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा इस बात की भी होती है की नगर परिषद के कार्यो् में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं होती हैं लेकिन कोई निगरानी या सुनवाई नहीं करता। मिल बांटकर खाने के लिए कथित रूप से मशहूर हो चुकी डबवाली नगर परिषद के कामकाज को लेकर अब कुछ पार्षद मुखर हुए हैं। यह पार्षद अब विभिन्न विकास कार्यों की जांच करवाने की बात कर रहे हैं। डबवाली शहर में नवनिर्मित गलियों का लेवल सही नहीं होने व घटिया मैटीरियल लगाए जाने की शिकायतों को लेकर पार्षद सुमित अनेजा, पार्षद सुनील छिंदा व पार्षद अरुण गर्ग ने संज्ञान लिया है। बुधवार को इन पार्षदों ने कहा कि शहर में करीब दो दर्जन गलियां ऐसी हैं जिनका लेवल ठीक नहीं हैं व लोगों ने गली निर्माण के दौरान घटिया मैटीरियल इस्तेमाल करने की शिकायतें भी की हैं, लेकिन नगरपरिषद अधिकारी इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। पूरे शहर के लोग परेशान हैं लेकिन अधिकारी अपनी मर्जी से गलियों का निर्माण करवा रहे हैं। गली निर्माण के दौरान लगाए जाने वाले मैटीरियल की जांच तक नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से अधिकारी अपने चहेतों को टैंडर दे कर ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

# प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

- कला एक ऐसी विधा है जो सभी को प्रभावित करती है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमपी रोही विद्यालय में छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर रोही में विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए 6 छात्राओं खुशी, मीना, मोनिका, रितु, अनुराधा व सूरजमुखी को प्राचार्य व शिक्षाविद भगवान दत्त ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ ओमप्रकाश कादयान ने बताया कि इन छात्राओं ने कई प्रतिस्पर्धाओं में शानदार जीत हासिल की है। अभी हाल ही में फतेहाबाद में भी आयोजित पोस्टर, पेंटिंग व स्लोगन तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य भगवान दत्त ने सम्मानित होने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा अपने संबोधन में कहा कि कला एक ऐसी विधा है जो सभी को प्रभावित करती है, खासकर बच्चों को। कला बच्चों को सृजनात्मकता से जोड़कर उन्हें उत्साहित करती है, ऊर्जावान बनाती है तथा सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करती है। इस मौके पर स्टाफ सदस्यों में प्राध्यापिका इंदू भारती, सुनीता रानी, अनीता रानी, संजय ग्रोवर, रणबीर सिंह, मेवा सिंह, अजयपाल, धर्मवीर सिंह, रमेश शास्त्री, दिलबाग सिंह, सुरेन्द्र सिंह, गुरदीप मौजूद थे।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सद्गुरु कृपा अपना घर में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

# रक्तदान भाईचारे को देता है बढ़ावा : राहुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सामाजिक कायार्ें के लिए यदि कोई सेवा भाव का मंच है तो वह सर जीन हेनरी डयूनेन्ट द्वारा स्थापित रेडक्रॉस सोसायटी है जो मानव कल्याण के लिए विश्व भर में काम करके नोवल पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है। यह बात सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने व्यक्त किए। रक्तदान



फतेहाबाद। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों व मानसिक रूप से बीमार लोगों को सम्मानित करते एडीसी राहुल मोदी।

शिविर का शुभारंभ करते हुए एडीसी ने कहा कि रक्त किसी के जीवन को बचाने के साथ-साथ भाईचारे को बढ़ावा देता है और सेवा भाव की भावना भी पैदा करता है। उन्होंने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य कैम्प का शुभारम्भ किया और सैंकड़ों मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और सभी जांच करवाने वाले लोगों को आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाईयां भी वितरित की। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा दिव्यांग व बुजुगार्ें को विभिन्न प्रकार के उपकरण कान की मशीन, चश्में, व्हील चेयर, वाकर भी भेंट किए। उन्होंने सभी उपस्थित बुजुगार्ें और मानसिक रूप से बीमार दिव्यांगजनों को रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से फलाहार भी वितरित किया। एडीसी द्वारा आजीवन सदस्यों को आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य एवं प्रमुख समाजसेवी विनोद तायल ने टीम सहित मुख्य अतिथि का स्वागत किया और सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम द्वारा किए जा रहे कायार्ें के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में नव कल्याण संस्था, खुशी नई उम्मीद भी टीम सहित उपस्थित थी। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव श्याम सुन्दर, रेडक्रॉस सोसायटी के पैटर्न जीया लाल बंसल, सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम से विनोद तायल, अशोक भुक्कर, सतपाल अरोड़ा, नरेन्द्र सिंगला, राज कुमार, रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य अंजु रानी, गोपाल बंसल, उपायुक्त कार्यालय के लेखा अधिकारी राजेश गोयल, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अरूण शर्मा आदि मौजूद रहे।